भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 2297

मंगलवार, 21 मार्च, 2023/30 फाल्गुन, 1944 (शक)

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए कार्य योजना

2297. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या ***वित्त*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय और उसके अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का कितना बैकलॉग है;

(ख) विगत पांच वर्षो के दौरान प्रति वर्ष औसतन कितने बैकलॉग को भरा गया है;

(ग) क्या मंत्रालय के बैकलॉग को पूरी तरह से भरने के लिए कोई समयबद्ध कार्य-योजना बनाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ) दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार वित्त मंत्रालय और उसके अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित बैकलॉग रिक्तियां क्रमश: 5768 तथा 4534 हैं। ज्यादातर बैकलॉग रिक्तियां फीडर ग्रेड में अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता, वरिष्ठता सूची से संबंधित लंबित मुकदमों तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण हैं। बैकलॉग रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। बैकलॉग रिक्तयों सहित सभी रिक्तयों को मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर भरा जाता है। आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान जैसे विशेष प्रयास भी किए जाते हैं।

******